क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः– 1. क्या यह बात सही है कि मेदिनीनगर, पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु परामर्शी की नियुक्ति की गई है;		स्वीकारात्मक ।
2. क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा उक्त मेडिकल कॉलेज खोलने हेतु जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है;		आंशिक स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि उपायुक्त, पलामू द्वारा भूमि चिह्नित कर लिया गया है । सिविल सर्जन, पलामू द्वारा इस भूमि पर खूँटागड़ी एवं मैंपिंग कराते हुए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है ।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने का विचार रखती है, हॉ तो कब तक, नहीं तो क्यों?		मेडिकल कॉलेज स्थापना हेतु परामर्शी से डी0पी0आर0 प्राप्त है । निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0प्र0)– 23/16– 153(6) स्वा0, राँची, दिनांकः 17.02.16

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 737/वि0स0, दिनांक– 13.02.16 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/2/2016

सरकार के उप सचिव ।

(213)

श्री आलमगीर आलम, मा0स0वि0स0 द्वारा दिनांक 19.02.16 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–स–08 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्नकर्त्ताः– श्री आलमगीर आलम, मा0स0वि0स0, झारखण्ड, राँची।	उत्तरदाताः– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, माननीय, मंत्री, स्वा0 चि0शि0 एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची।
1. क्या यह बात सही है कि राज्य के महत्वपूर्ण अस्पताल रिम्स, राँची में 439 महंगे मेडिकल उपकरण बेकार पड़े हैं, जिनमें वेंटिलेटर, नेब्यूलायजर तथा हाईड्रालिक टेबल जैसे उपकरण शामिल है ;	अस्वीकारात्मक। विगत दस वर्षो के अन्तर्गत रिम्स द्वारा क्रय किये गये सभी वेन्टीलेटर नेब्यूलाईजर तथा हाईड्रालिक टेबल जैसे उपकरण संबंधित विभागों मे कार्यशील हैं। यदा–कदा इन यंत्रों के मशीनरी पार्टो में खराबी होती रहती है, जिसे संबंधित एजेन्सी द्वारा त्वरित मरम्मत कराकर पुनः कार्यशील बनाया जाता है। सरकारी प्रावधानों के अनुसार मशीन उपकरणों को आमुमन अनुमानित कार्यकाल 10 वर्षो का माना जाता है। वे उपकरण जो विगत 10 वर्षो से अधिक पुराने हो चुके है उन्हें यथा संभव मरम्मत काराकर कार्य लिया जाता है अथवा अति जीर्ण होने की स्थिति में उन्हें बेकार घोषित किया जाता है। इस कार्य हेतु रिम्स मे रद्दीकरण समिति गठित है।
2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महंगे उपकरणों का प्रयोग न करने या गैर जरूरी उपकरणों की खरीद करने के दोषी लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	अस्वीकारात्मक।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञापांकः–11 / रिम्स (वि0स0)–05–02 / 2016 - 34 (11) स्वा0 / राँची / दिनांकः– 17/02/2016

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, को उनके ज्ञाप सं0 674 दिनांक 12.02.16 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचनार्थ प्रेषित।

17/2/2016

सरकार के उप सचिव।

214

श्रीमती गंगोत्री कुजूर, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक– 19-02-2016
पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–31 के संबंध में।

क्र०	प्रश्नकर्त्ता– श्रीमती गंगोत्री कुजूर, स० वि० स०	उत्तरदाता– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1-	क्या यह बात सही है कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एम0सी0आई0 की गाईडलाइन के अनुरूप अधिसंरचना और मानव संसाधन का इंतजाम किया जा चुका है ;	स्वीकारात्मक।
2-	क्या यह बात सही है कि समुचित व्यवस्था हो जाने के बावजूद एम0सी0आई0 द्वारा राज्य में मेडिकल की सीटें नहीं बढ़ाई गई है ;	अस्वीकारात्मक।
3-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राज्य में मेडिकल सीट बढ़ाने की दिशा में विचार करना चाहती है, यदि हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यो ?	राज्य सरकार के अन्तर्गत वर्त्तमान में तीन मेडिकल कॉलेज यथा रिम्स, रांची, एम0जी0एम0 जमशेदपुर एवं पी0एम0सी0एच0, धनबाद में एम0बी0बी0एस0 पाठयक्रम में क्रमशः 150, 100 एवं 100 सीट पर नामांकन किया जा रहा है। एम0सी0आई0 मानक के अनुसार तीनों चिकित्सा महाविद्यालयों में एम0बी0बी0एस0 की सीटों की संख्या क्रमशः 250, 150 एवं 150 सीट किये जाने हेतु आधारभूत संरचना एवं पद सृजन की कार्रवाई की जा रही है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 9/विधायी–06–04/16 – 42(9) राँची, दिनांक– 17.02.16
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 670 दिनांक– 12-02-16 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव।

Tiwari

216

श्री डॉ0 इरफान अन्सारी, माननीय स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 19.02.16 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्र0सं0 स– 40 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः– 1. क्या यह बात सही है, कि जामताड़ा जिला के नगर पंचायत मिहिजाम में 6 शय्या अस्पताल का भवन जर्जर है एवं किसी भी समय भवन गिर सकता है;		आंशिक स्वीकारात्मक । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिहिजाम नगर पंचायत मिहिजाम के भवन में संचालित था, परन्तु भवन पुराने एवं जर्जर होने के कारण ओ0पी0डी0 एवं आई0पी0डी0 की चिकित्सा सुविधा नवनिर्मित ओ0पी0डी0 कॉम्पलेक्स भवन में संचालित की जा रही है । पुराने भवन का उपयोग नहीं किया जा रहा है ।
2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हॉ तो कब तक, नहीं हो क्यों ?		अगले वित्तीय वर्ष के बजट में राशि एवं भूमि उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए नए भवन के निर्माण पर विचार किया जाएगा ।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ।

ज्ञापांक–6 / पी0वि0स0 (ता0प्र0)– 10 / 16– 161(6) स्वा0, राँची, दिनांकः 18·2·16

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 661 / वि0स0, दिनांक– 12.02.16 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव ।

(217)

श्री अनन्त कुमार ओझा, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक– 19-02-2016
पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–43 के संबंध में।

क्रं०	प्रश्नकर्त्ता– श्री अनन्त कुमार ओझा, स० वि० स०	उत्तरदाता– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1-	क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिला मुख्यालय एवं अनुमण्डल स्तरीय अस्पताल में आधुनिकतम संरचना से युक्त संसाधन नहीं रहने के कारण आए दिन राज्य के मरीजों को रिम्स में रेफर कर दिया जाता है ;	अस्वीकारात्मक। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एंव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवा की सुविधा दी जाती है और इसके उपरान्त आवश्यकतानुसार जिला अस्पताल और अनुमण्डलीय अस्पताल और रिम्स में रेफर किये जाते है।
2-	क्या यह बात सही है कि राज्य के जिला मुख्यालय अस्पतालों एवं अनुमण्डल स्तरीय अस्पतालों द्वारा मरीजों को रिम्स रेफर करने से मरीजों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, जिससे वे बेरियर अस्पताल का कार्य नहीं कर पातें हैं ;	अस्वीकारात्मक।
3-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राज्य के जिला मुख्यालय अस्पताल एवं अनुमण्डल स्तरीय अस्पताल को बेरियर अस्पताल के रूप में आधुनिक संरचना स्थापित कर मरीजों के समुचित ईलाज दिलाने का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यो ?	अस्वीकारात्मक।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि0स0–07–07/16-650(15) राँची, दिनांक– 18-2-16
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 663 दिनांक– 12-02-16 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सुरेन्द्र प्रसाद सिंह 18.2.16
सरकार के अवर सचिव

Tiwari

218

श्री पौलुस सुरीन, स0 वि0 स0 के द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–स–20 का उत्तर सामग्री

क्र॰	तारांकित प्रश्न संख्या–स–20	माननीय मंत्री, कल्याण विभाग का उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि सिमडेगा जिला अन्तर्गत बानो प्रखण्ड के सोय गॉव में 50 बेड के अस्पताल का निर्माण मेसो परियोजना के तहत हो रहा है	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि अस्पताल के निर्माण कार्य में निम्न स्तर के सामग्री का उपयोग किया गया है एवं बिना दरवाजा खिड़की लगाये हुए भवन का उदघाटन गोपनीय ढंग से करा दिया गया है	अस्वीकारात्मक। जिला कल्याण पदाधिकारी के प्रतिवेदन पत्रांक–269 दिनांक–18.02.2016 द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक– 24.09.2011, शनिवार को उक्त निर्मित पचास शय्या मेसो अस्पताल भवन का उदघाटन माननीय श्री कडिया मुंडा, तत्कालीन उपाध्यक्ष, लोकसभा एवं माननीय श्रीमती विमला प्रधान, तत्कालीन मंत्री, समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार तथा माननीय विधायक श्री पौलुस सुरीन, तोरपा विधानसभा के गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है।
3	यदि उपरोक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार घटिया निर्माण करने वाले संवेदक तथा दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हॉ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	उपरोक्त खण्डो में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार
कल्याण विभाग।

ज्ञापांक– 07/वि0स0प्र0–38/2015– 595 राँची, दिनांक– 18/2/16.

प्रतिलिपि :1. 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0–738 दिनांक –13.02.2016 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2.संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को उनके पत्रांक–157(6) दिनांक –18.02.2016 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. प्रशाखा–5 (विधायी कार्य), कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(नुरूल होदा) 18.2.16.
सरकार के उप सचिव।

श्री दशरथ गागराई, माननीय स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 19.02.16 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्र0सं0 स– 23 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:– 1. क्या यह बात सही है कि सरायकेला–खरसावॉ जिला के बड़ा आमदा में 500 शैय्या (Bed) वाले अस्पताल का निर्माण कार्य हो रहा है;		स्वीकारात्मक ।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य 2015 तक पूर्ण होना था;		स्वीकारात्मक ।
3. क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है;		स्वीकारात्मक । वस्तुतः भूमि उपलब्ध होने में विलम्ब एवं उपलब्ध भूमि पहाड़ीनुमा होने के कारण योजना कार्य में विलम्ब हुआ है ।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?		योजना कार्य दिसम्बर 2017 तक पूर्ण कर लिया जाएगा ।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0प्र0)– 22/16– 160(6) स्वा0, राँची, दिनांक: 18.02.16

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 657/वि0स0, दिनांक– 12.02.16 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/2016
सरकार के उप सचिव ।

220

श्री राधाकृष्ण किशोर, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा0–04 का प्रश्नोत्तर ।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
	श्री राधाकृष्ण किशोर, माननीय स0वि0स0	माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1	क्या यह बात सही है कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मेदिनीनगर ने अपने मेमो संख्या–1026, दिनांक–09.09.15 के द्वारा जिला योजना पदाधिकारी, पलामू को यह प्रतिवेदित किया है, कि मेदिनीनगर स्थित बैरिया बस पड़ाव की जमीन का अतिक्रमण सदर थाना, मेदिनीनगर के द्वारा किया गया है;	स्वीकारात्मक।
2.	यदि उपरोक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सदर थाना बैरिया द्वारा अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	अतिक्रमण हटाने हेतु आरक्षी अधीक्षक, पलामू को निदेश दिया गया है। तीन सप्ताह के अंदर उक्त अतिक्रमित भूमि को खाली करा दिया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–5/स0 भू0 तारांकित (पलामू)–29/16 586 (5)/रा0 दिनांक– 18-02-16

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–691 वि0स0, दिनांक–12.02.16 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय/विभागीय मंत्री के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/16

सरकार के संयुक्त सचिव,

221

पत्रांक 10/नि॰ (तारांकित) 04/16.....
झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

झारखण्ड विधान सभा द्वारा पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या रा॰–03 का उत्तर सामग्री

क्र॰	प्रश्न	उत्तर
	श्रीमती बिमला प्रधान, **स॰ वि॰ स॰**	**श्री अमर बाउरी,** **मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य में स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर वर्ष 2014 में 22 दिन और वर्ष 2015 में 8 दिन का राज्य व्यापी हड़ताल में थे ;	अस्वीकारात्मक। लगभग सभी जिलों से ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि स्टाम्प विक्रेता हड़ताल में नहीं थे।
2.	क्या यह बात सही है कि स्टाम्प विक्रेताओं के समक्ष ई–स्टाम्पिंग शुरू होने और सरकार द्वारा स्टाम्प नहीं मांगने के कारण बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गयी है ,	अस्वीकारात्मक। सम्प्रति राज्य में ई–स्टाम्प एवं पेपर स्टाम्प दोनो की बिक्री की जा रही है तथा पेपर स्टाम्प की बिक्री स्टाम्प विक्रेता के माध्यम से ही की जा रही है, जिससे स्टाम्प विक्रेताओं की बेरोजगारी का प्रश्न नहीं उत्पन्न होता है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्यहित में ई–स्टाम्पिंग के साथ–साथ स्टाम्प विक्रेताओं के द्वारा भी स्टाम्प विक्री जारी रखते हुए स्टाम्प मांगने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नही तो क्यों ?	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। सम्प्रति ई–स्टाम्प के साथ–साथ स्टाम्प विक्रेताओं के द्वारा भी पेपर स्टाम्प बिक्री की प्रक्रिया जारी है। केन्द्रीकृत मुद्रांक भण्डार में प्रचुर मात्रा में पेपर स्टाम्प बिक्री हेतु रक्षित है। जिसके कारण स्टाम्प और मांगने का औचित्य नहीं है।

ज्ञापांक :– 188 राँची, दिनांक: 18/2/16

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं॰ 690 दिनांक 12.02.2016 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ (दो सौ प्रति के साथ) प्रेषित।

18/2/16
सरकार के उप सचिव।

222

पत्रांक 10 / नि॰ (तारांकित) 05 / 16.....

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

झारखण्ड विधान सभा द्वारा पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या रा॰–05 का उत्तर सामग्री

क्र॰	प्रश्न	उत्तर
	श्री जगरनाथ महतो **स॰ वि॰ स॰**	**श्री अमर बाउरी,** **मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
1.	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिलान्तर्गत डुमरी प्रखण्ड में निबंधन कार्यालय दिनांक 24.06.2011 से चल रहा है, परन्तु निबंधन कार्य नहीं हो रहा है ;	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि डुमरी में निबंधन नहीं होने से आम–लोगों को गिरिडीह निबंधन कार्यालय में 600 रू॰ निबंधन कराने पर अधिक लगता है ;	स्वीकारात्मक।
3.	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डुमरी निबंधन कार्यालय में निबंधन करवाने का कार्य चालु कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	स्वीकारात्मक। Broad Band Connection नहीं रहने के कारण एवं MODEM जल जाने के कारण निबंधन कार्य बाधित है। BSNL कार्यालय को उक्त Connection एवं MODEM के लिए शुल्क जमा कर दिया गया है। निबंधन कार्य एक माह के अन्दर प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

ज्ञापांक :– 183 राँची, दिनांक: 17-2-16

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं॰ 704 दिनांक 12.02.2016 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ (दो सौ प्रति के साथ) प्रेषित।

17/02/16

सरकार के उप सचिव।

Sonu

(223) 240 18.2.16

श्री कुणाल षांडगी, माननीय सदस्य विधानसभा द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या – श्र0नि0–09 का निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण(प्रशिक्षण पक्ष) का उत्तर सामग्री –

क0	**प्रश्नकर्त्ता** श्री कुणाल षांडगी, माननीय सदस्य, विधान सभा।	**उत्तरदाता** श्री राज पालिवार, माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार
1	2	3
1.	क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा, चाकुलिया में दो औधोगिक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान (आई0टी0आई0) का भवन निर्माण कार्य पुरा होने के बावजूद आज तक इन्हें चालु नहीं किया गया है ;	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2.	क्या यह बात सही है कि इनका सही उपयोग नहीं होने के कारण इनके भवन खंडहर में तब्दील हो रहे है;	अस्वीकारात्मक
3.	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त दोनों आई0टी0आई0 में अगले सत्र से नामांकन चालू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है यदि हॉ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?	राज्य के अन्तर्गत निर्मित आई0टी0आई0 के भवनों को संचालित करने के लिए मंत्रिपरिषद के निर्णय के आलोक में पी0पी0पी0 के अन्तर्गत संचालित करने हेतु निविदा प्रकाशित किया गया था। आई0टी0आई0, बहारागोडा के संचालन के लिए जे0आई0एस0 फाउन्डेशन का चयन किया गया था परन्तु अनुदान(grant) मांग किये जाने के फलस्वरूप इन्हें उक्त आई0टी0आई0 आवंटित नहीं किया जा सका। आई0टी0आई0, चाकुलिया के लिए Orissa Manganese & Mineral Ltd & adiwasi welfare trust का चयन किया गया परन्तु इनके द्वारा भी प्रशिक्षण निर्धारित समय पर नहीं शुरु किये जाने के लिए कारण पृच्छा किया गया है। उक्त दोनो आई0टी0आई0 को सी0एस0आर0 (Corporate Social Responsibility) के अन्तर्गत अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित किया जाएगा।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

झारखंड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।

ज्ञापांक :– 5/प्रशि0(वि0स0)–08/2016– 246 रॉची, दिनांक :– 18/02/2016

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखंड विधान सभा को उनके पत्र सं0–357 दिनांक–11.02.2016 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,

224

श्री सुखदेव भगत, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–35 का उत्तर सामग्री।

क्र0 सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि लोहरदगा जिले में स्थित अस्पताल को सदर अस्पताल का दर्जा प्राप्त नहीं है ;	अस्वीकारात्मक। लोहरदगा जिला में स्थित अस्पताल को सदर अस्पताल का दर्जा प्राप्त है।
2.	क्या यह बात सही है जिले में 83 डॉक्टरों के स्वीकृत पद में 53 डॉक्टर ही पदस्थापित है ;	स्वीकारात्मक।
3.	क्या यह बात सही है कि विशेषज्ञ डॉक्टर एवं अन्य संसाधनों की कमी के कारण लोहरदगा अस्पताल में मरीजों को इलाज कराने में काफी परेशानी होती है ;	अस्वीकारात्मक। उपलब्ध संसाधनों से अप्रैल 2015 से जनवरी 2016 तक निम्न सेवाएं दी जा चुकी हैं :– 1. ओ0पी0डी0 – 42878 2. आई0पी0डी0 – 4684 3. ए0एन0सी0 – 3987 4. नियमित टीकाकरण – 3615 5. एक्स रे – 148 6. प्रयोगशाला जांच – 9658 7. सामान्य प्रसव – 2501 8. सिजेरियन प्रसव – 128 9. अल्ट्रासाउंड – 349 10. RTI/STI क्लिनिक – 1212 11. ICTC क्लिनिक – 3778 12. परिवार नियोजन परामर्श – 3117
4.	यदि उपुर्यक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोहरदगा अस्पताल को सदर अस्पताल का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपरोक्त कंडिकाओं में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0– 3/वि0 स0–03–01/2016 139(3) राँची, दिनांक: 17/2/16

प्रतिलिपि: अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं0 669/वि0स0 दिनांक 12.02.2016 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/2/2016
सरकार के उप सचिव

225 247 18.2.16

श्री योगेन्द्र प्रसाद, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या श्रनि0–02 का निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष) का उत्तर सामग्री –

क्र0	**प्रश्नकर्त्ता** **श्री योगेन्द्र प्रसाद** माननीय सदस्य, विधान सभा	**उत्तरदाता** **श्री राज पालिवार** **माननीय मंत्री,** **श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, सरकार।**
1	क्या यह बात सही है कि बोकारो जिला अन्तर्गत गोमिया प्रखण्ड पंचायत– सरहचिया में नवनिर्मित आई0टी0आई0 कॉलेज चार वर्ष से बन कर बंद पड़ा हुआ है,	उत्तर अस्वीकारात्मक है।
2	क्या यह बात सही है कि आई0टी0आई0 कॉलेज खुलने से पूर इलाके में स्कील डेवलपमेंट शिक्षा पाने में छात्र – छात्राओं को सुविधा होगी,	उत्तर स्वीकारात्मक है।
3	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2015–16 में आई0टी0आई0 कॉलेज नये सत्र से प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कब, नही तो ?	बोकारो जिला अन्तर्गत गोमिया प्रखण्ड पंचायत– सरहचिया में राज्य सरकार द्वारा आई0टी0आई0 का भवन निर्माण नहीं कराया गया है। उग्रवाद प्रभावित(LWE) जिलों में युवाओं के लिए कौशल विकास योजनान्तर्गत बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के सेसबेडा में एक स्कील डेवलपमेंट सेन्टर की स्थापना की जा रही है। चालु वित्तीय वर्ष–2015–16 एवं आगामी वित्तीय वर्ष–2016–17 में बोकारो जिला अन्तर्गत गोमिया प्रखण्ड पंचायत– सरहचिया में आई0टी0आई0 के निर्माण की कोई योजना राशि की उपलब्धता के आधार पर विचार करेगी।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

झारखंड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।

ज्ञापांक – 5/प्रशि0 (वि0स0)–12/2016 247 रॉची, दिनांक 18/02/2016

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखंड विधान– सभा को उनके पत्र सं0– 707 दिनांक 12.02.16 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

226

श्री निरल पुरती, माननीय स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 19.02.16 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्र0सं0 स– 22 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः– 1. क्या यह बात सही है कि प0 सिंहभूम जिले के तॉतनगर प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तॉतनगर स्वास्थ्य केन्द्र काठभारी एवं कुमारडुँगी प्रखण्ड अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्र कुमारडुँगी का भवन निर्माण कराया जा रहा है;		आंशिक स्वीकारात्मक । तांतनगर प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तांतनगर, स्वास्थ्य केन्द्र काठभारी का भवन पूर्ण नहीं है । कुमारडुँगी प्रखण्ड अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्र भवन पूर्ण एवं कार्यशील है ।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य विगत 8 वर्ष पूर्व आरंभ किया गया, परन्तु अभी तक अधूरा है;		आंशिक स्वीकारात्मक ।
3. क्या यह बात सही है कि वर्णित उक्त भवनों का अधूरा रहने के कारण आधारभूत संरचना के अभाव में सही रुप से क्षेत्र के ग्रामीणों को उचित स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं मिल पाती है ?		अस्वीकारात्मक । ग्रामीणों को पुराने भवन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ।
4. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में वर्णित उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के अधुरे भवनों को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?		ऐसे निर्माणाधीन/अधूरे भवनों को पूर्ण करने हेतु उपायुक्त, प0 सिंहभूम से विभागीय पत्रांक–1032(6) दि0 23.11.15 द्वारा पुनरीक्षित प्राक्कलन की मॉग की गई है । पुनरीक्षित प्राक्कलन प्राप्त होने के उपरान्त स्वीकृति देते हुए योजना कार्य पूर्ण किया जाएगा ।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0प्र0)– 09/16– 166(6) स्वा0, राँची, दिनांकः 18.2.16

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 656/वि0स0, दिनांक– 12.02.16 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/16
सरकार के उप सचिव ।

245
18.2.16

(227)

श्री विदेश सिंह, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या श्रनि0–18 का निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष) का उत्तर सामग्री –

क्र0	प्रश्नकर्त्ता श्री विदेश सिंह, माननीय सदस्य, विधान सभा	उत्तरदाता श्री राज पालिवार माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, सरकार।
1	क्या यह बात सही है, कि पलामू जिला के पांकी प्रखण्ड लस्लीगंज प्रखण्ड, तरहसी प्रखण्ड एवं मानतू प्रखण्ड आई0टी0आई0 कॉलेज नहीं रहने के कारण स्थानीय छात्र/ छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही है,	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2	क्या यह बात सही है कि वर्णित प्रखण्ड अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रान्तर्गत है जिससे छात्रों को काफी असुविधा होती है,	उत्तर स्वीकारात्मक है।
3	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पलामू जिला के पांकी प्रखण्ड, लेस्लीगंज प्रखण्ड, तरहसी प्रखण्ड एवं मनातू प्रखण्ड में आई0टी0आई0 कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हॉ तो कब तक, नही तो क्यों?	चालू वित्तीय वर्ष–2015–16 एवं आगामी वित्तीय वर्ष –2016–17 में पलामू जिला के पांकी प्रखण्ड, लेस्लीगंज प्रखण्ड, तरहसी प्रखण्ड एवं मनातू प्रखण्ड में नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण राशि की उपलब्धता के आधार पर सरकार विचार करेगी।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

झारखंड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।

ज्ञापांक – 5/प्रशि0 (वि0स0)–14/2016 245 रॉची, दिनांक 18.2.2016

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखंड विधान– सभा को उनके पत्र सं0– 709 दिनांक 12.02.16 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

श्री प्रदीप यादव, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा०–23 का प्रश्नोत्तर

228

क्र.	प्रश्न	उत्तर
	श्री प्रदीप यादव, माननीय स०वि०स०	माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सूधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1	क्या यह बात सही है कि धनबाद में भू–अर्जन घोटाला हुआ है ?	वस्तुस्थिति यह है कि भू–अर्जन के कतिपय मामलों में अनियमित भुगतान तथा कुछ मामलों में भुगतान की गई मुआवजा की राशि को अवांच्छनीय तत्वों के द्वारा रैयत के खाते से अनियमित निकासी के मामले प्रकाश में आए है।
2	क्या यह बात सही है कि फर्जी दलीलों पर भी मुआवजा का भुगतान किया गया है ?	फर्जी दलील प्रस्तुत कर भुगतान प्राप्त करने के कई मामले प्रकाश में आए है।
3	क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्त्ता धनबाद के नेतृत्व में गठित जाँच दल एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, धनबाद ने फर्जी दलीलों पर मुआवजा भुगतान की जाँच प्रतिवेदन उपायुक्त, धनबाद को समर्पित किया है?	स्वीकारात्मक।
4	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या राज्य सरकार उक्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर आरोपी अधिकारी एवं मुआवजा भुगतान लेने वाले के विरूद्ध प्राथिमिकी दर्ज करने का विचार करना चाहती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	1. धनबाद जिला के विभिन्न अंचलों में भू–अर्जन अधिनियम के प्रावधानों/प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने एवं मुआवजा राशि के भुगतान में दलालों एवं पदाधिकारियों/कर्मियों की सहभागिता द्वारा की गइ गड़बड़ी की जाँच भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो द्वारा की जा रही है। संबंधित मामले में धनबाद में कुल 5(पाँच) थाना कांड दर्ज किये गये हैं। (i) धनसार थाना काण्ड सं0–398/15, दिनांक–18.04.15 धारा–406/420/467/471/120 B/34 एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(i)(v)4 (ii) धनसार थाना काण्ड सं0–392/15, दिनांक–17.04.15 धारा– 406/ 420/409/467/468/471/120 B/34 एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(i)(v)4 (iii) धनसार थाना काण्ड सं0–630/15, दिनांक–16.06.15 धारा–406/420/409/467/468/471/120 B/34 (iv) धनबाद थाना काण्ड सं0–657/15, दिनांक–23.06.15 धारा–406/420/409/467/468/471/120 B/34 एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(i)(v)4 (v) धनबाद थाना काण्ड सं0–665/15, दिनांक–26.06.15 धारा–406/420/471/472 2. आरोपित पदाधिकारी श्री लाल मोहन नायक तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के विरूद्ध कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की जा रही है एवं श्री उदयकांत पाठक, तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के विरूद्ध आरोप प्रपत्र गठित कर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को भेजा गया है। 3. श्री मिथिलेश कुमार, तत्कालीन कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, धनबाद के विरूद्ध आरोप प्रपत्र 'क' पर कार्रवाई की जा रही है। श्री श्यामपद मंडल, अमीन एवं श्री रामशंकर प्रसाद, अमीन जिला भू–अर्जन कार्यालय, धनबाद को विभागीय कार्यवाही चलाकर सेवा से बर्खास्त किया गया।

		श्री परेश नाथ पाण्डेय, राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय, निरसा के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। श्री साधुशरण पाठक (से.नि. अमीन) विभागीय कार्यवाही चलाकर पेंशन से 40 प्रतिशत राशि कटौती एवं श्री सुनील कुमार, तत्कालीन लिपिक जिला भू–अर्जन कार्यालय, धनबाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही चलाकर वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का आदेश दिया गया। निम्नांकित कर्मियों के विरूद्ध आरोप प्रपत्र 'क' कठित कर विभागीय कार्यवाही चलायी जा रही है :– (क) श्री पाइका टुडू, अमीन (ख) श्री शंकर प्रसाद दूबे, अमीन (ग) श्री रघुनाथ ठाकुर, अमीन (घ) श्री दुर्गा प्रसाद रजवार, अनुसेवक 4. जिला भू–अर्जन पदाधिकारी एवं अन्य राजस्व अधिकारियों के सहयोग से भू–अर्जन शिड्यूल की जांच कर अनियमितताओं का निराकरण सुनिश्चित कराने तथा गलत भुगतान से संबंधित राशि की वापसी तथा सही रैयतों को मुआवजा आदि का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया जा चुका है जिसपर कार्रवाई चल रही है।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांकः–8बी.0 / भू0अ0नि वि0स0 (तारां0)–28 / 16.– 114 .....(8बी0) / नि0रा0, दिनांक– 18-2-16

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–697 वि0स0, दिनांक–12.02.2016 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ / अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची / प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2/16

सरकार के अवर सचिव

229

श्रीमती मेनका सरदार, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक– 19-02-2016
पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–03 के संबंध में।

क्रं०	प्रश्नकर्त्ता– श्रीमती मेनका सरदार, स० वि० स०	उत्तरदाता– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1-	क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत प्रखण्ड पोटका पंचायत जुड़ी के जुड़ी में ग्रामीण चिकित्सा प्रशिक्षण केन्द्र का नया भवन निर्मित है ;	स्वीकारात्मक।
2-	क्या यह बात सही है कि जुड़ी में महात्मा गॉधी मेमोरियल कॉलेज (एम0जी0एम0) में अध्ययनरत चिकित्सकों को प्रशिक्षण केन्द्र में आवासीय तौर पर रहकर, ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करते हुए प्रशिक्षण लेना है ;	स्वीकारात्मक।
3-	क्या यह बात सही है कि अध्ययनरत चिकित्सक कॉलेजों से बस में जाकर कभी– कभी सिर्फ खानापूर्ति कर लौट आते हैं ;	अस्वीकारात्मक।
4-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पोटका स्थित ग्रामीण चिकित्सा प्रशिक्षण केन्द्र में आवासीय स्तर पर रहकर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यो ?	एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर के पी0एस0एम0 विभाग के तीन चिकित्सकों की प्रतिनियुक्त पोटका प्रखण्ड अन्तर्गत जुड़ी पंचायत के ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र में की गयी है जिनके द्वारा नियमानुसार निर्धारित कार्य किया जाता है। तीनों प्रतिनियुक्त चिकित्सक प्रतिदिन अध्ययनरत इन्टर्नस को ग्रामीण क्षेत्रों में भेजने के अलावा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी के साथ– साथ सर्वे करते हुए चिकित्सा प्रदान करते हैं ।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 9/विधायी–06–03/16 -39(9) राँची, दिनांक– 17.02.16
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 673 दिनांक– 12-02-16 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव 17/02

Tiwari

230

श्री राज सिन्हा, माननीय सदस्य वि० स०, झारखण्ड विधान सभा द्वारा
पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–13 के संबंध में।

क्र०	प्रश्नकर्त्ता– श्री राज सिन्हा, स० वि० स०	उत्तरदाता– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1-	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड में एलोपैथिक चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है जबकि आयुष चिकित्सकों की आयु 60 वर्षों की है ;	स्वीकारात्मक।
2-	क्या यह बात सही है कि राज्य के आयुष चिकित्सकों के 398 पद स्वीकृत है जिसमें से मात्र 122 डॉक्टर कार्यरत हैं ;	स्वीकारात्मक।
3-	क्या यह बात सही है कि विधि विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु भी एलोपैथिक चिकित्सकों की भाँति 65 वर्ष करने के संबंध में अपना मंतव्य दो वर्ष पूर्व ही दे चुकी है ;	स्वीकारात्मक।
4-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यो ?	सम्प्रति मामला विचाराधीन नहीं है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 20/आयुष वि0सभा0–01/16 35(20) राँची, दिनांक– 17-2-2016
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०- 739 दिनांक– 13-02-16 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव

Tiwari

231

श्री ताला मरांडी, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–36 का उत्तर सामग्री।

क्र0 सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि साहेबगंज जिला के महाराजपूर एवं गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखण्ड अन्तर्गत बोआरीजोर रेफरल अस्पताल में नया भवन बनाकर अस्पताल कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ;	स्वीकारात्मक। बोआरीजोर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है।
2.	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित दोनों अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सों, टैक्नीशियनों एवं अन्य कर्मियों का भारी अभाव है, जिस कारण इन क्षेत्रों के पहाड़िया, आदिवासी एवं पिछड़े ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए झोला छाप डॉक्टरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है ;	अस्वीकारात्मक। स्वास्थ्य उपकेन्द्र, महाराजपुर में दो ए0एन0एम0 (Auxillary Nursing Midwife) पदस्थापित है। स्वास्थ्य उपकेन्द्र में चिकित्सक का पदस्थापन नहीं होता है अतः रोस्टर के अनुसार चिकित्सक चिकित्सीय कार्य सम्पादित करते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बोआरीजोर में 5 चिकित्सक पदस्थापित है। नर्स एवं अन्य पारा कर्मी पर्याप्त मात्रा में पदस्थापित है, जिनके द्वारा उक्त क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।
3.	यदि उपुर्यक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–1 में वर्णित अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक, नर्स, टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मी का स्थायी पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपरोक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0– 3/वि0 स0–03–04/2016 142(3) राँची, दिनांकः 17/02/2016

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं0 668/वि0स0 दिनांक 12.02.2016 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/2/2016
सरकार के उप सचिव

232

श्री राम कुमार पाहन, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–19.02.16 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा0–18 का प्रश्नोत्तर।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
	श्री राम कुमार पाहन, माननीय स0वि0स0	माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1.	क्या यह बात सही है, कि राँची जिलान्तर्गत ओरमांझी प्रखण्ड के उकरीद गाँव में खाता नं0–62, प्लॉट नं–194/721, एवं 194/124 है जो पहनई एवं भूईहरी जमीन है;	मौजा उकरीद के प्लॉट सं0–194/721 एवं 194/720 खाता नं0–60 से संबंधित है, जो खतियान के अनुसार बकास्त भूईहरी पहनई जमीन है एवं लगान पाने वाले रथुवा पाहन के नाम से दर्ज है। इस खाता के अन्य प्लॉट सं0–319 रकबा–1.25 ए0, प्लॉट सं0–662, रकबा–0.30ए0, प्लॉट सं0–666, रकबा–0.29ए0, प्लॉट सं0693, रकबा–2.07ए0, प्लॉट सं0–676, रकबा–0.39ए0 एवं प्लॉट सं0–320, रकबा– 0.24ए0 है। प्रश्नगत प्लॉट सं0–194/124 मौजा में मौजूद नहीं है। पूछे गये खाता नं0–62 में प्लॉट सं0–194 रकबा–0.66ए0 खतियान मे खेमना कोईरी वो गहना कोईरी पेसरान चरका कोईरी कौम कोईरी साकीन ओरमांझी के नाम से कायमी के रूप में दर्ज है एवं लगान पाने वाले रथुवा पाहन है। अतः लगान रशीद निर्गत नहीं होता है।
2.	क्या यह बात सही है, कि उक्त जमीन को जमीन माफियाओं द्वारा कब्जा कर बेचा जा रहा है;	खाता नं0 62 के प्लॉट नं0 194, रकबा–0.66ए0, खेमना कोईरी वो गहना कोईरी पेसरान चरका कोईरी कौम कोईरी की कायमी जमीन है। खेमना कोईरी व अन्य की कायमी जमीन के कुछ भाग में चाहरदिवारी खड़ा किया गया है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन की खरीद बिक्री पर रोक एवं आरोपियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	खाता नं0–60 बाकस्त भूईहरी जमीन है, जबकि खाता नं0–62 कायमी भूईहरी जमीन है। इनकी खरीद विक्री नहीं होती है। वर्त्तमान में खरीद विक्री से संबंधित मामला प्रकाश मं नहीं आया है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–6/वि0स0 (तारां0)– 29/16 ....591..../रा0, राँची, दिनांक– 18.02.16

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप सं0–679/वि0स0, दिनांक–12.02.16 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, राँची एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

233

श्री योगेश्वर महतो, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या– 07 का प्रश्नोत्तर

क्र.	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि :–	
1	क्या यह बात सही है कि बोकारो जिलान्तर्गत पेटरवार अंचल कार्यालय में दिनांक–24.01.2011 को श्रीमती गीता देवी वगैरह सा० काटमकुल्ही द्वारा खतियांन में संशोधन सुधार करने संबंधी जमा दिए आवेदन पर हल्का कर्मचारी के द्वारा की गई जाँच से संबंधित जाँच प्रतिवेदन को आधा–अधूरा एवं अपूर्ण बताते हुए श्रीमती गीता देवी एवं अन्य द्वारा अंचल अधिकारी पेटरवार के कार्यालय में दिनांक–16.01.2012 को आवेदन जमा देकर पूनः दोवारा बिन्दुवार विस्तृत जाँच करने एवं जाँच प्रतिवेदन उच्च पदाधिकारियों को भेजने हेतु अनुरोध किया गया है, लेकिन उक्त आवेदन अंचल कार्यालय पेटरवार में लंबित है ?	श्रीमती गीता देवी वैगरह द्वारा दिये गये आवेदन के अनुसार सर्वे खतियान में गलती से जाति करमाली के जगह कमार दर्ज हो गया है। सर्वे खतियान 1932 एवं राजस्व अभिलेखों की जाँच की गई। खतियान में जाति कमार अंकित है। वर्त्तमान में सर्वे का कार्य नहीं चल रहा है।
2	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लंबित आवेदन में उल्लेखित बिन्दुओं पर आधारित जाँच कराने का विचार रखती है, यदि, हाँ, तो कब तक नहीं तो क्यों ?	यदि आवेदिका द्वारा कोई आवेदन सक्षम प्राधिकार (बंदोबस्त पदाधिकारी) को दिया जाता है तो उस पर विधिवत निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांकः– 2/भू0अ0परि0निदे0–11/16 95/रा० दिनांक– 18-02-16

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–703 वि0स0, दिनांक–12.02.2016 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय प्रशाखा–10 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

18/02/2016

सरकार के उप सचिव

234

श्री नागेन्द्र महतो, माननीय स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 19.02.16 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्र0सं0 स– 29 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः– 1. क्या यह बात सही है कि बगोदर विधान–सभा क्षेत्र के सरिया प्रखण्ड को बगोदर–सरिया अनुमण्डल का दर्जा प्राप्त है, जहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संसाधन के अभाव में संचालित है;		स्वीकारात्मक । सरिया में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, संचालित है। इसके परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माणाधीन है।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित अनुमण्डल में अनुमण्डलीय अस्पताल की स्थापना करने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त हो सकेगी;		स्वीकारात्मक ।
3. क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का आनुपातिक पद सृजन नहीं है, जिससे चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है;		सरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण उपायुक्त द्वारा चयनित एजेन्सी ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गिरिडीह के द्वारा कराया जा रहा है। भवन निर्माण अधूरा है। पूर्ण होने पर पद स्वीकृति की कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरिया में एक चिकित्सक एवं एक यूनानी चिकित्सक का पद स्वीकृत है। सम्प्रति एक यूनानी चिकित्सक पदस्थापित है।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–1 में वर्णित अनुमण्डल में अनुमण्डलीय अस्पताल खोलने एवं वर्णित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सीय संसाधन उपलब्ध कराने के साथ–साथ चिकित्सकों की अनुपातिक नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?		कंडिका 3 मे स्पष्ट कर दिया गया है।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0प्र0)– 12/16– 165(6) स्वा0, राँची, दिनांकः 18.2.16

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 650/वि0स0, दिनांक– 12.02.16 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव ।

रजनीकान्त प्रकाश/कम्प्यूटर ऑपरेटर ।

श्री साधु चरण महतो, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा0–13 का प्रश्नोत्तर सामग्री।

क्र0	प्रश्न		उत्तर
	श्री साधु चरण महतो, माननीय स0वि0स0		माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1	क्या यह बात सही है कि ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक मात्र डिग्री संस्थान सिंहभूम कॉलेज चॉडिल के नाम से एक इंच भी जमीन नहीं है।		स्वीकारात्मक। पंजी–II में सिंहभूम कॉलेज चाण्डिल के नाम पर कोई भूमि दर्ज नहीं है।
2.	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सिंहभूम कॉलेज चॉडिल के अगल–बगल का सरकारी जमीन को कॉलेज के नाम से देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		सिंहभूम कॉलेज चाण्डिल के आस–पास में सरकारी खाते की भूमि खाता सं0–112, खेसरा सं0– क्रमशः 274, 273, 273 रकबा क्रमशः 9.50 ए0, 1.57 ए0, 0.67 ए0 एवं किस्म क्रमशः जंगल डूंगरी, जंगल झाड़ी, पुरानी परती है जिसमें से खेसरा सं0–274 के लगभग 5.30 ए0 भूमि में सिंहभूम कॉलेज, चाण्डिल का भवन एवं चाहार दिवारी निर्मित है। अधियाचना प्राप्त होने पर एवं वन विभाग से अनापत्ति मिलने के उपरान्त नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–4/वि0स0 तारां0–25/16 572 (4)/रा0 दिनांक– 18-02-16

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–680 वि0स0, दिनांक–12.02.16 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय/विभागीय मंत्री के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/16

सरकार के संयुक्त सचिव

236 259 18-02-16

श्री आलोक कुमार चौरसिया, माननीय सदस्य विधानसभा द्वारा दिनांक–19.02.2016 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या – श्र0नि0–08 का निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण(प्रशिक्षण पक्ष) का उत्तर सामग्री –

क0	**प्रश्नकर्त्ता** श्री आलोक कुमार चौरसिया, माननीय सदस्य, विधान सभा।	**उत्तरदाता** श्री राज पालिवार, माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार
1	2	3
1.	क्या यह बात सही है कि पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड में हजारो छात्र आई0टी0आई0 प्रशिक्षण हेतु शहर की ओर निकल रहे है;	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2.	क्या यह बात सही है कि मेदिनीनगर पलामू के एक आई0टी0आई0 प्रशिक्षण केन्द्र में अधिक छात्रों के रहने के कारण कई छात्र प्रशिक्षण लेने से वंचित हो जा रहे है;	उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।
3.	यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चैनपुर प्रखंड जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में एक आई0टी0आई0 प्रशिक्षण केन्द्र खोलने हेतु विचार रखती है यदि हॉ, तो कब तक, नही, तो क्यों ?	आगामी वित्तीय वर्ष–2016–17 में पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड में सरकारी आई0टी0आई0 का निर्माण राशि की उपलब्धता के आधार पर सरकार विचार करेगी।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

झारखंड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।

ज्ञापांक :– 5/प्रशि0(वि0स0)–07/2016–259 रॉची, दिनांक :– 18-02-16

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखंड विधान सभा को उनके पत्र सं0–360 दिनांक–11.02.2016 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/02/2016

सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखंड, रॉची।

237

श्री रविन्द्र नाथ महतो, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक– 19-02-2016
पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–10 के संबंध में।

क्रं०	प्रश्नकर्त्ता– श्री रविन्द्र नाथ महतो, स० वि० स०	उत्तरदाता– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1-	क्या यह बात सही है कि राज्य में सदर अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र उपस्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विगत दस वर्षों से हजारो कर्मी अनुबंध पर कार्यरत है ;	स्वीकारात्मक।
2-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार अनुबंध में कार्यरत कर्मियों की सेवा स्थाई करने का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यो ?	एन0आर0एच0एम0 अनुबंध कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संबंधित पदों पर नियुक्तियों में प्राथमिकता देने संबंधित नीतिगत निर्णय लिया जा चुका है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि0स0–07–06/16 -63(15) राँची, दिनांक– 18-02-16
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 676 दिनांक– 12-02-16 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.2.16
सरकार के अवर सचिव

Tiwari

238

श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक– 19-02-2016
पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स–50 के संबंध में।

क्रं०	प्रश्नकर्त्ता– श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन, स०वि०स०	उत्तरदाता– श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1-	क्या यह बात सही है कि रांची के खेलारी प्रखण्ड अन्तर्गत मैक्लुस्कीगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सबसिडरी स्वास्थ्य केन्द्र है ;	स्वीकारात्मक।
